12

पहेली परीक्षण (Puzzle Test)

इस परीक्षा में बौद्धिक उलझन के प्रश्न पूछे जाते है प्रत्येक प्रश्न के पीछे एक बौद्धिक तर्क होता है ये प्रश्न किसी नियम से नहीं बल्कि स्वयं की मानसिक योग्यता से हल किये जाते है तथा प्रत्येक प्रश्न को हल करने का एक अलग तर्क होता है।

उदाहरण. श्री और श्रीमती गोपाल के 3 पुत्रियाँ है। प्रत्येक पुत्री का एक भाई भी है। तो इस परिवार में कुल कितने सदस्य हैं ?

हल : एक भाई अपने सभी बहिनों का भाई होता है अत: श्री गोपाल के परिवार में सदस्य की संख्या निम्न प्रकार से है :

श्री गोपाल + श्रीमती गोपाल + 3 पुत्रियां + 1 पुत्र अत: कुल 6 सदस्य हुए।

उदाहरण. एक बाड़े में कुछ मोर व कुछ हिरण हैं यदि उनके पैर गिनते है तो 224 होते हैं तथा सिर गिनते हैं तो 60 बताओ हिरण कितने हैं?

हल - कम पैर वाले की संख्या = सिरों का दुगुना - पैरों का आधा

$$= 120 - \frac{224}{2} = 120 - 112 = 8 \text{ मोर}$$

अर्थात् यदि समूह में 8 मोर है तो 52 हिरण होंगे।

उदाहरण. एक चींटा 12 मी. ऊँचे चिकने खम्बे पर चढ़ना शुरू करता है। वह प्रतिदिन 4मी. चढ़ता है तथा 2मी. खिसक कर वापिस आ जाता है, तो वह कितने दिनों में शिखर पर चढ़ पायेगा ?

हल - इस प्रकार के प्रश्नों का सूत्र निम्न प्रकार से है।

$D = \frac{L-J}{H} + 1$ यहाँ L खम्बे की ऊँचाई

J एक दिन की कुल चढ़ाई तथा h एक दिन की प्रभावी चढ़ाई है

अत: लिये गये दिन $\frac{12-4}{2} + 1 = \frac{8}{2} + 1 = 5$

उदाहरण-दस छात्रों का एक समूह आपस में एक-दूसरे से हाथ मिलाते हैं। कुल कितनी बार हाथ मिलाए गए ?

हल : यदि n छात्रो का एक समूह मे सभी व्यक्ति एक दूसरे से हाथ मिलाये

तो कुल मिले हाथों की संख्या $= \frac{n(n-1)}{2} = \frac{10(10-1)}{2} = \frac{10\times9}{2} = 45$ बार

उदाहरण-एक तालाब में प्रत्येक दिन में जलस्तर दुगुना हो जाता है यदि पूरा तालाब 15 दिन में भरत है तो आधा कितने दिन में भरेगा ?

उत्तर-14 दिन

प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न

1. एक अजायबघर में कुछ हिरन व कुछ तोते हैं। उनके 200 सिर तथा 580 पैर है, तो बताओं कितने तोते है ?
(a) 199 (b) 110 (c) 195 (d) 129

2. एक बाड़े में कुछ खरगोश व कुछ मुर्गे हैं। यदि उनके सिर गिनते हैं तो 50 होते हैं तथा पैर गिनते हैं तो 184, बताओ मुर्गे कितने हैं
(a) 42 (b) 8 (c) 40 (d) 10

3. एक पिंजरे में कुछ खरगोश व कुछ तोते हैं। उनके 20 सिर तथा 48 पाँव है, तो बताओं कितने खरगोश और कितने तोते है ?
(a) 4, 16 (b) 16, 4 (c) 12, 8 (d) 9, 12

4. एक व्यक्ति के पास कुछ मुर्गियां और कुछ गायें है उनके 48 सिर तथा 140 पाँव है, तो बताओं मुर्गियां कितनी है ?
(a) 22 (b) 23 (c) 24 (d) 26

5. एक बाड़े में कुछ मोर व कुछ हिरन हैं यदि पैर गिनते हैं तो 100 होते हैं तथा उनके सिर 40 हैं, बताओ हिरन कितने हैं?
(a) 30 (b) 10 (c) 28 (d) 12

6. एक जंगल में कुछ भालू व मोर है। यदि उनके पैर गिनते हैं तो 100 होते हैं तथा सिर 30 तो बताओ भालू कितने हैं
(a) 10 (b) 20 (c) 5 (d) 25

7. एक चिड़ियाघर में कुछ शेर व तोते है। यदि उनके पैर गिनते हैं तो 200 होते हैं तथा सिर 60 तो बताओ तोते कितने हैं
(a) 50 (b) 10 (c) 40 (d) 20

8. एक मैदान में कुल बतख और बकरे हैं। कुल मिलाकर 77 सिर और 224 पैर हैं। बतखों की संख्या कितनी हैं?
(A) 42 (B) 30 (C) 32 (D) 47

9. किसी बाड़े में कुछ खरगोश एवं कबूतर रखे गये हैं, जिनकी पैरों की संख्या कुल 224 हैं, जबकि सिरों की संख्या 90 है। बताएँ कि इस बाड़े में रखे गये कबूतरों की संख्या कितनी हैं?
(A) 22 (B) 58 (C) 68 (D) 75

10. एक चिड़ियाघर में हिरन और मोर हैं। सिर गिनने पर वे 80 हैं। उनकी टाँगों की संख्या 200 है। मोर कितने हैं?
(A) 20 (B) 60 (C) 50 (D) 30

11. कुछ घोड़े व उतनी ही संख्या के व्यक्ति कहीं जा रहें है। उन व्यक्तियों में से आधे लोग घोड़ो की पीठ पर है ओर शेष लोग पैदल चल रहें है यदि मैदान में चलते पैरो की संख्या 70 है तो वहाँ घोड़ो की संख्या कितनी है

(a) 10 (b) 12 (c) 14 (d) 16

12. कुछ घोड़े व उतनी ही संख्या के व्यक्ति कहीं जा रहें है। उन व्यक्तियों में से आधे लोग घोड़ो की पीठ पर है ओर शेष लोग पैदल चल रहें है यदि मैदान में चलते पैरो की संख्या 80 है तो वहॉ व्यक्तियों की संख्या कितनी है

(a) 10 (b) 12 (c) 14 (d) 16

13. कुछ घोड़े व उतनी ही संख्या के व्यक्ति कहीं जा रहें है। उन व्यक्तियों में से आधे लोग घोड़ो की पीठ पर है ओर शेष लोग पैदल चल रहें है यदि मैदान में चलते पैरो की संख्या 100 है तो वहॉ घोड़ो की संख्या कितनी है

(a) 14 (b) 16 (c) 18 (d) 20

14. एक 10 मी. ऊँचा चिकना खम्बा है। एक चींटा प्रतिदिन 3 मी. चढ़ता है तथा खिसक कर 2 मी. नीचे आ जाता है। बताओ चींटा कितने दिन बाद शिखर पर पहुँचेगा ?

(a) 4 (b) 5 (c) 8 (d) 2

15. एक बन्दर 21 मी. ऊँचे खम्बे पर चढ़ना शुरू करता है। वह प्रतिदिन 5 मी. चढ़ता है तथा खिसक कर 3 मी. नीचे आ जाता है बताओ शिखर पर कितने दिनों में पहुँचेगा ?

(a) 8 दिन (b) 6 दिन (c) 7 दिन (d) 9 दिन

16. एक व्यक्ति 60 फीट ऊँचे खम्बे पर चढ़ने का प्रयत्न कर रहा है। वह 1 मिनट में 6 फीट चढ़ जाता है, लेकिन फिसल कर 4 फीट नीचे आ जाता है, तो ऊपर तक पहुँचने में उसे कितने मिनट लगेंगे?

(A) 27 (B) 28 (C) 30 (D) 32

17. कितने समय में एक बन्दर 60 फीट लम्बे पेड़ के शीर्ष को छू लेगा। यदि वह एक सैकण्ड में 3 फीट उछलता है और तुरन्त 2 फीट गिर जाता है।

(A) 60 सैकण्ड (B) 59 सैकण्ड
(C) 58 सैकण्ड (D) 57 सैकण्ड

18. एक बन्दर 12 मीटर ऊँचे चिकने खम्भे पर चढ़ता है। वह पहले मिनट में 2 मीटर चढ़ता है और 1 मीटर नीचे फिसल जाता है और आगे भी इसी प्रकार का क्रम जारी रहें, तो वह कितने मिनट में खम्भे के शीर्ष पर पहुँच जाएगा?

(A) 11 (B) 21 (C) 12 (D) 13

19. एक 60 मीटर ऊँचे खम्भे पर एक बन्दर चढ़ना शुरू करता है। वह प्रतिघण्टा 8 मी. चढ़ता है तथा खिसक कर 4 मीटर वापिस आ जाता है। बताओ वह कितने घण्टे में चढ़ेगा ?

(a) 14 (b) 13 (c) 12 (d) 15

20. 27 फरवरी, 2004 को एक छिपकली ने खम्भे पर चढ़ना शरू किया। खम्भा 21 मीटर ऊँचा है। छिपकली प्रतिदिन 3 मीटर चढ़ती है और 2 मीटर उतरती हैं छिपकली निम्न में से किस तिथि की ऊँचाई पर पहुँचेगी?

(a) 15 मार्च, 2004 (b) 16 मार्च, 2004
(c) 17 मार्च, 2004 (d) 18 मार्च, 2004

21. एक पार्टी के बाद सभी उपस्थित व्यक्ति एक-दूसरे से हाथ मिलाते हैं। यदि पार्टी में कुल मिलाकर 20 लोग उपस्थित थे तो कितने बार हाथ मिलाये गए।

(a) 190 (b) 200 (c) 21 (d) 255

22. एक प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया प्रत्येक टीम का हर दुसरी टीम से मैच होता है तो बताइए कुल कितने मैच खेले गए।

(a) 60 (b) 62 (c) 64 (d) 66

23. एक पार्टी में 25 व्यक्ति है प्रत्येक एक दूसरे से हाथ मिलाते है, तो बताओं कुल कितनी बार हाथ मिलाए गए ?

(a) 180 (b) 300 (c) 320 (d) 200

24. एक व्यावसायिक सम्मेलन में 10 व्यक्तियों ने भाग लिया। सम्मेलन के अन्त में प्रत्येक व्यक्ति ने प्रत्येक से हाथ मिलाये। बताइये कि इस दौरान कुल कितने बार हाथ मिलाये गयें?

(a) 120 (b) 45 (c) 55 (d) 90

25. एक प्रतियोगिता में 15 टीमों ने भाग लिया। यदि प्रत्येक टीम का हर दूसरी टीम से मैच होता है, तो कुल कितने मैच खेले गए

(a) 90 (b) 45 (c) 65 (d) 105

26. एक रेलवे लाईन पर 30 छोटे रेलवे स्टेशन है यदि हर स्टेशन पर दोनों तरफ यात्रा करने के लिए टिकट उपलब्ध है, तो कुल कितने प्रकार के टिकट छपवाने होंगे ?

(a) 435 (b) 870 (c) 45 (d) 29

27. दिवाली के त्योहार पर बारह मित्रों ने एक दूसरे को दिवाली का कार्ड भेजकर शुभकामनाएँ दी : इस मित्रों के समूह ने कितने कार्ड खरीदें?

(a) 156 (b) 132 (c) 144 (d) 72

28. एक पार्टी में आये 20 व्यक्ति प्रत्येक दूसरे व्यक्ति को मात्र एक-एक पेन देता है। परन्तु हरि ने किसी को भी पेन नहीं दिया है, तो बताएं कि कितने पेन पार्टी में बंटे है?

(a) 461 (b) 361 (c) 800 (d) 462

29. एक प्रीतिभोज के बाद सभी उपस्थित व्यक्ति एक-दूसरे से हाथ मिलाते हैं। यदि कुल मिलाकर 120 बार हाथ मिलाए गये तो पार्टी में कितने लोग उपस्थित थे ?

(a) 13 (b) 14 (c) 15 (d) 16

30. एक पीपा 30 दिन में भरा जाना है। प्रतिदिन भरे गये पानी की मात्रा पिछले दिन भरे गये पानी की मात्रा की दोगुनी है। पीपा कितने दिनों में आधा भरा जायेगा।

(a) 4 दिन (b) 15 दिन (c) 7 दिन (d) 29 दिन

31. एक टोकरी में कुछ फूल हैं और हर मिनट बाद वे दुगने हो जाते हैं। 30 मिनट बाद टोकरी भर जाती है, तो कितने मिनट बाद टोकरी आधी भरी हुई थी ?

(a) 15 मिनट (b) 20 मिनट (c) 29 मिनट (d) 12 मिनट

32. एक तालाब को पूरा भरने में 20 दिन लगते हैं। यदि प्रतिदिन तालाब का जल स्तर दुगुना हो जाता है, तो तालाब को आधा भरने में कितने दिन लगेंगे ?

(a) 5 दिन (b) 10 दिन (c) 15 दिन (d) 19 दिन

33. एक तालाब में कमल के पुष्पों की संख्या प्रतिदिन पिछले दिन की दोगुनी हो जाती है। 45 दिनों में तालाब पूरा कमल से भरा हुआ

है, तो आधा तालाब कितने दिनों में भरा था ?
(a) 15 (b) 28 (c) 44 (d) 22

34. एक तालाब में कुछ कमल के फूल हैं। उनकी संख्या प्रति दिन दुगुनी हो जाती है। यदि तालाब 6 दिन में पूरा भर जाता है तो तालाब को आधा भरने में कितने दिन लगेंगे?
(A) 3 (B) 2 (C) 4 (D) 5

35. एक शीशे के जार में एक प्रकार का बैक्टेरिया रखा गया है, जो कि प्रत्येक अगले दिन दोगुना हो जाता है। यदि जार 50 दिनों में पूरा भर जाता है, तो आधा जार कितने दिनों में भर गया होगा?
(A) 10 दिन (B) 25 दिन (C) 27 दिन (D) 49 दिन

36. एक पीपे के जल की मात्रा प्रत्येक मिनट पर दोगुनी होती है। यदि पीपा 60 मिनटों में पूर्ण रूप से भर जाती है। कितने मिनटों में वह आधा भरेगा?
(A) 20 मिनट (B) 30 मिनट (C) 40 मिनट (D) 59 मिनट

37. किसी टोकरी में रखे गये फूल प्रत्येक मिनट दोगुने हो जाते हैं और 30 मिनट में टोकरी पूर्ण रूप से भर जाती है। बताएँ कि टोकरी का एक-चौथाई भाग फूलों से कितने मिनट में भरा होगा?
(a) 15 मिनट (b) 28 मिनट
(c) 15/2 मिनट (d)45/2 मिनट

38. एक परिवार में पांच विवाहित जोड़े हैं तथा प्रत्येक के चार-चार पुत्र हैं परिवार में कुल कितने सदस्य हैं ?
(a) 50 (b) 30 (c) 26 (d) 48

39. एक दम्पत्ति के पांच विवाहित पुत्र हैं तथा प्रत्येक के पांच-पांच पुत्र है, तो बताओ परिवार में कुल कितने सदस्य हैं।
(a) 37 (b) 31 (d) 36 (d) 30

40. एक आदमी अपनी पॉच पत्नियों के साथ मन्दिर जा रहा था। प्रत्येक औरत के साथ दो-दो बच्चे थे। तीन औरतों के साथ दो-दो लड़के थे और दो के साथ एक लड़का और एक लड़की। कुल कितने लोग मन्दिर गये थे?
(a) 14 (b) 12 (d) 10 (d) 16

41. एक परिवार में एक पुरूष, उसकी पत्नी, उनके चार पुत्र और उनकी पत्नियॉ है। प्रत्येक पुत्र के अपने परिवार में तीन-तीन बेटे और एक-एक बेटी भी है। पूरे परिवार में पुरूष सदस्यों की संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 10 (b) 12 (d) 14 (d) 17

42. मित्रों के एक समूह में, दो की पत्नियाँ हैं, एक अविवाहित हैं, एक अन्य की पत्नी की मृत्यु हो चुकी है और दो का विवाह-विच्छेद हो चुका है। वे सब चार बच्चों को साथ लेकर एक पिकनिक करने गए हैं। तो पिकनिक के लिए कुल कितने सदस्य गए हैं?
(a) 12 (b) 10 (c) 14 (d) 13

43. एक संयुक्त परिवार में, पिता, मॉ, 3 विवाहिता पुत्र और एक अविवाहिता पुत्री हैं। पुत्रों में से 2 के दो-दो पुत्रियॉ हैं और एक-एक पुत्र है। इस परिवार में कुल महिला-सदस्यों की संख्या कितनी है
(a) 2 (b) 3 (c) 6 (d) 9

44. एक परिवार मे तीन पिता, तीन पुत्र, दो पौत्र और एक पड़पौत्र है तो कम से कम कितने सदस्यों से यह परिवार बन सकता है ?
(a) 5 (b) 6 (c) 4 (d) none

45. एक परिवार में एक आदमी, उसकी पत्नि, उसके चार बेटे और उनकी पत्नियां है। बेटों के 3-3 पुत्र और 2-2 पुत्रियां है, तो परिवार में कुल महिला सदस्या कितनी है ?
(a) 9 (b) 13 (c) 17 (d) 15

46. तीन औरतें जिनमें उनकी दो-दो बेटियां भी थी। एक बाग में पहुँची। वहां से उन्होनें 7 सेब तोड़े तो प्रत्येक के हिस्से में कितने सेब आये
(a) एक-एक (b) 3/4 भाग (c) 1/2 भाग (d) दो-दो

47. 10 गायें 10 बोरा घास 10 दिन में खाती हैं, तो एक गाय एक बोरा घास कितने दिन में खायेगी?
(a) 1 (b) 10 (c) 8 (d) 100

48. 5 गाय 5 बोरे घास 15 दिन में खाती हैं, तो एक गाय 2 बोरा घास कितने दिनों में खाएगी?
(a) 10 दिन (b) 20 दिन (c) 30 दिन (d) 40 दिन

49. यदि 4 गायें 4 दिन में 4 डिब्बे दूध देती हैं, तो 8 गायें 8 डिब्बे दूध कितने दिन में देंगी?
(A) 6 (B) 4 (C) 2 (D) 8

50. यदि 50 आदमी 40 विवरों को 30 दिनों में खोदते हैं, तो 25 आदमी 20 विवरों को कितने दिनों में खोदेंगे?
(A) 15 दिन (B) 22 दिन (C) 30 दिन (D) 45 दिन

51. 10 कपड़े धूप में 10 घण्टे में सूखते हैं, तो एक कपड़ा कितनी देर में सुखेगा।
(a) 1 घण्टे में (b) 10 घण्टे में (c) 5 घण्टे में (d) 20 घण्टे म

52. यदि 1½ रुपयों की 1½ टोपी आती है, तो 16 रुपयों की कितनी टोपी आयेगी।
(a) 24 (b) 20 (c) 16 (d) 14

53. एक अण्डे के उबालने में 7 मिनट लगते हैं तो 10 अण्डों को एक साथ उबालने में कितना समय लगेगा?
(a) 7 मिनट (b) 5 मिनट (c) 10 मिनट (d) 70 मिनट

54. चार भाइयों की उम्र में 4 - 4 वर्ष का अन्तर है। यदि सबसे बड़े भाई की उम्र सबसे छोटे से दुगनी हो तो सबसे बड़े की उम्र ज्ञात करें।
(a) 24 वर्ष (b) 20 वर्ष (c) 16 वर्ष (d) 28 वर्ष

55. 10 खम्बे 3-3 फुट के फासले पर खड़े हैं, तो बताओ पहले और आखिरी खम्बों के बीच कितनी दूरी है।
(a) 30 फुट (b) 27 फुट (c) 33 फुट (d) 36 फुट

56. एक व्यक्ति एक 12 मीटर लम्बे लकड़ी के लट्ठे में से रोजाना 1 मीटर काटता है। वह इसके 12 टुकड़े कितने दिन में कर देगा?
(a) 12 (b) 11 (c) 13 (d) 10

57. एक सुपारी को एक बार काटने पर दो टुकड़े होते हैं, तो बताओ सुपारी को तीन बार काटने पर कितने टुकड़े होगें।
(a) 6 (b) 4 (c) 9 (d) 5

58. सन्दूक में चार छोटी सन्दूक है तथा प्रत्येक छोटी सन्दूक में चार और छोटी सन्दूक है, तो बताओ कुल कितनी सन्दूक हैं ?
(a) 17 (b) 20 (c) 21 (d) 5

59. राम, श्याम के पीछे खड़ा है, श्याम राम के पीछे खड़ा है तो कुल कितने व्यक्ति है।
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

60. एक कूए में 10 मेंढ़क हैं उनमें से 2 मर गये तो कितने शेष रहे ?
(a) 10 (b) 8 (c) 12 (d) 8

61. बस के इन्तजार में खड़े 22 लोगो की कतार में हर तीसरे स्थान पर लड़की है तथा कतार के प्रारंभ में व अन्त में भी लड़कियां है तो उस कतार में कुल कितनी लड़किया है।
(a) 8 (b) 9 (c) 7 (d) 10

62. न्यूनतम बतखों की संख्या क्या है जो निम्न प्रकार के समूह में तैर सकते हैं कि दो बतख एक बतख के आगे, दो बतख एक बतख के पीछे और एक बतख दो बतखों के बीच में
(a) 11 (b) 9 (c) 7 (d) 3

63. बोया जाने से एक वर्ष बाद एक पेड़ की ऊँचाई 2 मीटर हो जाती है। उसकी ऊँचाई पिछले वर्ष की ऊँचाई के दो गुने के हिसाब से बढ़ती है। पाँच वर्ष के अंत में उस पेड़ की ऊँचाई क्या होगी?
(a) 24 मीटर (b) 32 मीटर (c) 48 मीटर (d) 64 मीटर

64. एक लड़के से पूछा गया कि उसके थैले में कितने फल हैं, तो उसने उत्तर दिया कि छः को छोड़कर सभी सेब हैं, छः को छोड़कर सभी केले हैं, और छः को छोड़कर सभी अमरूद हैं, तो उसके पास कितने फल हैं?
(a) 12 (b) 18 (c) 6 (d) 9

65. किसी परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए 6 अंक दिया जाता है तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काट लिया जाता है। यदि किसी विद्यार्थी ने उस परीक्षा में पूछे गए सभी 20 प्रश्नों के उत्तर दिए हों तथा उसके प्राप्तांक 8 हों, तो उसके द्वारा सही उत्तर दिए गए प्रश्नों की संख्या थी
(a) 16 (b) 4 (c) 12 (d) 8

66. एक परीक्षा में प्रत्येक ठीक उतर के 4 अंक मिलते हैं तथा अशुद्ध उतर का 1 अंक काट लिया जाता है यदि एक परीक्षार्थी ने 75 प्रश्न हल किये हों तथा उसे 125 अंक मिले हो, तो उसके कितने उत्तर सही किये है।
(a) 35 (b) 40 (c) 42 (d) 46

67. एक बस आगरा से रवाना होती है, जिसमें आदमियों की संख्या औरतों की संख्या से दो गुनी है। अगले शहर मथुरा में 20 आदमी उतर जाते है और 10 औरतें चढ़ती है। अब आदमी और औरतों की संख्या बराबर है। शुरू में कितने यात्री बस में चढ़े थे?
(a) 90 (b) 45 (c) 60 (d) 120

68. छः खिलौने देखने में एक जैसे हैं लेकिन उनमें से एक खिलौने का वजन कम है। कम से कम बार तराजु का प्रयोग करके उसके वजन का पता करना है, तो कितनी बार तराजु का प्रयोग होगा।
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

69. ललित कुछ फूल लेकर क्रमशः 3 मंदिरों में चढ़ाने के लिए जाता है, वह प्रथम मंदिर में उनमें से कुछ फूल चढ़ाता है तथा पुजारी से उसके पास बचे फूलों के बराबर फूल प्रसाद के रूप में प्राप्त करता है। इसी प्रकार दूसरे व तीसरें मंदिर में फूल चढ़ाकर प्रसाद प्राप्त करता है तो तीनों मंदिरों में चढ़ाये गये फूलों की संख्या समान हो और उसके पास एक भी फूल शेष ना रहे तो ललित कितने फूल लेकर चला था?
(a) 15 (b) 4 (c) 7 (d) 8

70. एक व्यक्ति के पास तीन बैग है। पहले बैग में चार विभिन्न रंगो के संगमरमर है। दुसरे बैग में पॉच विभिन्न रंगो के संगमरमर तथा तीसरे बैग में तीन विभिन्न रंगो के संगमरमर है। यदि एक रंग का संगमरमर तीनों बैग में तथा दो अन्य रंग के संगमरमर यदि प्रथम व दूसरे बैग में हो तो कुल कितने रंगो के संगमरमर है।
(a) 10 (b) 8 (c) 7 (d) 11

71. अंग्रेजी में एक (One) से सौ (Hundred) तक की गिनती लिखने में वर्णमाला का अक्षर a कितनी बार आता है।
(a) 20 (b) 25 (c) 0 (d) 30

72. एक रुमाल का एक कोना काट दिया जाता है। उस रुमाल के कितने कोने बच गये।
(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6

73. टेलीफोन के डायल के सभी अंकों का गुणनफल कितना होता है
(a) 25862 (b) 0 (c) 120 (d) 3642

74. 30 कौवें एक पेड़ पर बैठे है उनमें से एक को गोली मारकर मार दिया जाए है तो पेड़ पर शेष कितने कौवें बचेंगे ?
(a) 29 (b) 28 (c) 30 (d) 0

75. एक डाली में 15 कौवे बैठे हैं। एक शिकारी ने बंदूक से गोली चलाई और एक कौवा मर गया, बताएँ कि उस डाली पर अब कितने कौवे बचे हैं?
(A) 14 (B) 12 (C) 8 (D) 0

76. एक गडरिए के पास 17 भेड़ें थीं। 9 को छोड़कर सभी मर जाती हैं। अब कितनी भड़ें शेष रहीं?
(a) 17 (b) कुछ नहीं (c) 8 (d) 9

77. यदि 1 रूपये में 1 मी. लंबा व 1 मी. चौड़ा रूमाल आता है तो आधा मी. लंबा व आधा मी. चौड़ा रूमाल कितने रूपए में आएगा
(a) 1 रूपया (b) 50 पैसा
(c) 25 पैसा (d) 75 पैसा

78. सुकन्या ने एक केक को दो समान भागों में काटा तथा एक कटे हुए भाग को पुनः बराबर हिस्सों में काट दिया। कटा हुआ प्रत्येक छोटा भाग 20 ग्राम का है, तो केक का वजन क्या हुआ?
(a) 120 ग्राम (b) 100 ग्राम (c) 80 ग्राम (d) 40 ग्राम

79. एक बेलनाकार केक,18 सेमी लंबा है, को 18 लोगों में वितरित करना है। केक को 18 बराबर भागों में काटने के लिए कम से कम कितनी बार काटना पड़ेगा ?
(a) 17 बार (b) 5 बार (c) 80 बार (d) 18 बार

80. निम्न आकृति में न्यूनतम कितने रंगो का प्रयोग किया जा सकता

है कि दो रंग एक साथ ना आए ?



(a) 3 (b) 4 (c) 2 (d) 1

81. निम्न आकृति में कम से कम कितनें रंगो का प्रयोग किया जा सकता है कि सभी रंग एक साथ ना आए?



(a) 2 (b) 3 (c) 1 (d) 4

82. एक 1200 लोगों का समूह जिसमें कि कप्तान और सैनिक है, रेलगाड़ी से यात्रा कर रहा है। हर 15 सैनिकों पर एक कप्तान हैं समूह में कप्तानी की संख्या क्या हैं?

(A) 70 (B) 75 (C) 80 (D) 85

83. 36 वाहन एक पार्किंग स्थल में एक पंक्ति में खड़े है। पहली कार के बाद एक स्कूटर है, दूसरी कार के बाद दो स्कूटर है, तीसरी कार के बाद तीन स्कूटर है और इस प्रकार लगातार है। पंक्ति के प्रथम आधे भाग में स्कूटरों की संख्या ज्ञात करो।

(a) 8 (b) 9 (c) 7 (d) 12

84. आधी छुट्टी (मध्यान्तर) के बाद एक स्कूल 1 बजे से 3:52 बजे अपरान्ह तक चलती है। इस अवधि में चार पीरियड लगे थे। प्रत्येक पीरियड के बाद एक कमरे में दूसरे कमरे तक जाने में 4 मिनट की छूट दी जाती है। बताएँ कि प्रत्येक पीरियड कितने मिनट का था?

(A) 40 मिनट (B) 39 मिनट (C) 42 मिनट (D) 41 मिनट

85. एक कुत्ते के गले में 7 मीटर लम्बी रस्सी बाँधी गई है, तो वह कितने वर्ग मीटर क्षेत्रफल में घूम सकता है ?

(a) 154 (b) 616 (c) 88

(d) कोई निश्चित क्षेत्र नहीं

86. किमी समतल (प्लेन) w, x, y और z चार बिन्दुएँ (प्वांइट्स) हैं। इन चार बिन्दुओं का प्रयोग करते हुए कितने रेखा-खण्ड बनाए जा सकते हैं?

(A) 4 (B) 6 (C) 8 (D) 2

87. कागज के एक बड़े पात्र को दो बराबर टुकड़ों में काटा जाता है। इन दो आधे टुकड़ों को एक-दूसरे के ऊपर रखा जाता है और फिर आधे-आधे दो टुकड़ों में बाँटा जाता है, ऐसे दस बार काटने पर कितने टुकड़े होंगे ?

(a) 20 (b) 512 (c) 1024 (d) 2048

88. एक बच्चे के पास 65 मनकों वाला गिलास है। उसने 23 मनके निकाले और 17 वापस गिलास में डाल दिए। फिर उसने 27 मनके निकाले और 19 वापस गिलास में डाल दिए। फिर उसने गिलास में से 14 मनके निकाले। अब गिलास में कितने मनके है, और गिलास से बाहर कितने ?

(a) गिलास में 37, बाहर 28 (b) गिलास में 1, बाहर 64

(c) गिलास में 27, बाहर 38 (d) गिलास में 35, बाहर 30

89. कमला अपने समस्त गृहकार्य को रात को दस बजे से पहले पूरा करना चाहती है क्योंकि उसे रात को दस बजे टी.वी. पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम देखना है। उसके पास तैयार किए गए प्रत्येक पाँच विषयों के लिए 40 मिनट का कार्यभार समय है। किस अंतिम समय में कार्य को प्रारंभ करने से कमला अपने गृकहार्य को पूर्ण करके ठीक समय पर टी.वी. पर कार्यक्रम को देख सकती है।

(a) सायं 6:40 बजे (b) सायं 6:30 बजे

(c) सायं 7:10 बजे (d) सायं 7:20 बजे

90. एक कछुआ 4 घंटे में 1 किमी चलता है। प्रत्येक किलोमीटर के बाद वह 20 मिनट विश्राम करता है। यह बताइए कि 3.5 किलोमीटर की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा।

(a) 14 घंटे (b) 13 घंटे (c) 15 घंटे (d) 18 घंटे

91. 1 और 99 के बीच 8 की संख्या कितनी बार आती है ?

(a) 10 (b) 9 (c) 20 (d) 19

92. 1 से 100 तक गिनती में अंक 3 कितनी बार लिखा जाएगा ?

(a) 19 (b) 11 (c) 20 (d) 21

व्याख्या सहित उत्तर

1. (b) कम पैर वाले की संख्या = सिरों का दुगुना-पैरों का आधा

$= 400 - \frac{580}{2} = 400 - 290 = 110$ तोते

2. (b) कम पैर वाले की संख्या = सिरों का दुगुना-पैरों का आधा

$= 100 - \frac{184}{2} = 100 - 92 = 8$ मुर्गे

3. (a) कम पैर वाले की संख्या = सिरों का दुगुना-पैरों का आधा

$= 40 - \frac{48}{2} = 40 - 24 = 16$ तोते

अधिक पैर वाले की संख्या = पैरों का आधा - सिरों की संख्या

$= \frac{48}{2} \times 20 = 24 - 20 = 4$ खरगोश

4. (d) 5. (b) 6. (b) 7. (d) 8. (a)

9. (c) 10. (b)

11. (c) माना कुल घोड़े x तथा व्यक्ति भी x है।

प्रश्नानुसार $x \times 4 + \frac{x}{2} \times 2 = 70$

$4x + x = 70 \Rightarrow 5x = 70 \Rightarrow x = 14$ घोड़े

12. (d) माना कुल घोड़े x तथा व्यक्ति भी x है।

प्रश्नानुसार $x \times 4 + \frac{x}{2} \times 2 = 80$

$4x + x = 80 \Rightarrow 5x = 80 \Rightarrow x = 16$ व्यक्ति

13. (d) माना कुल घोड़े x तथा व्यक्ति भी x है।

प्रश्नानुसार $x \times 4 + \frac{x}{2} \times 2 = 100$

$4x + x = 100 \Rightarrow 5x = 100 \Rightarrow x = 20$ घोड़े

14. (c) $D = \frac{L-J}{H} + 1 = \frac{10-3}{3-2} + 1 \Rightarrow \frac{7}{1} + 1 \Rightarrow 7 + 1 = 8$ दिन

15. (d) $D = \frac{L-J}{H} + 1 = \frac{21-5}{5-3} + 1 \Rightarrow \frac{16}{2} + 1 \Rightarrow 8 + 1 = 9$ दिन

16. (b) $D = \frac{L-J}{H} + 1 = \frac{60-6}{6-4} + 1 \Rightarrow \frac{54}{2} + 1 \Rightarrow 27 + 1 = 28$ मिनट

17. (c) $D = \frac{L-J}{H} + 1 = \frac{60-3}{3-2} + 1 \Rightarrow \frac{57}{1} + 1 \Rightarrow 57 + 1 = 58$ सैकण्ड

18. (a) $D = \frac{L-J}{H} + 1 \Rightarrow \frac{12-2}{2-1} + 1 \Rightarrow \frac{10}{1} + 1 \Rightarrow 10 + 1 = 11$ मिनट

19. (d) $D = \frac{L-J}{H} + 1 \Rightarrow \frac{60-8}{8-4} + 1 \Rightarrow \frac{52}{4} + 1 \Rightarrow 13 + 1 = 14$ दिन

20. (b) $D = \frac{L-J}{H} + 1 \Rightarrow \frac{21-3}{3-2} + 1 \Rightarrow \frac{18}{1} + 1 \Rightarrow 18 + 1 = 19$

चूंकि 27 फरवरी 2004 को चढ़ना प्रारम्भ किया।

अत: 27 फरवरी 2004 के पश्चात् 19 दिन अर्थात 16 मार्च 2004 को छिपकली निश्चित ऊँचाई पर पहुँच जाएगी।

21. (a) हाथ मिलाने की कुल संख्या= $\frac{n(n-1)}{2} = \frac{20 \times 19}{2} = 190$

22. (d) कुल मैचों की संख्या= $\frac{n(n-1)}{2} = \frac{12 \times 11}{2} = 66$ मैच

23. (b) हाथ मिलाने की कुल संख्या= $\frac{n(n-1)}{2} = \frac{25 \times 24}{2} = 300$ बार

24. (b) हाथ मिलाने की कुल संख्या= $\frac{n(n-1)}{2} = \frac{10 \times 9}{2} = 45$ बार

25. (b) कुल मैचों की संख्या= $\frac{n(n-1)}{2} = \frac{15 \times 14}{2} = 105$ मैच

26. (b) कुल टिकटों की संख्या=n (n – 1) = 30 (30 –1)
= 30 × 29 = 870 प्रकार के टिकट

27. (b) कुल कार्डो की संख्या=n (n – 1) = 12 (12 –1)
= 12 × 11 = 132 प्रकार कार्डो का प्रयोग किया गया।

28. (b) यदि सभी व्यक्ति एक-दूसरे को पेन देते है तो
कुल बाँटे गए पेनों की संख्या =n (n – 1) = 20 (20 –1) =380
किन्तु हरि किसी को भी पेन नहीं देता अर्थात् वह 19 व्यक्तियों को पेन नहीं देगा।
अत: उस पार्टी में बँटे कुल पेनों की संख्या =380 –19 = 361

29. (d) चूँकि प्रश्न में कुल हाथ मिलाने की संख्या दी गई है

अत: प्रश्नानुसार $\frac{n(n-1)}{2} = 120 \Rightarrow n^2 - n = 240$

$\Rightarrow n^2 - n - 240 = 0 \Rightarrow n^2 - 16 + 15n - 240 = 0$

$\Rightarrow n(n-16) + 15(n-16) = 0$

अत: $n = 16$ अर्थात् उस प्रतिभोज में कुल 16 व्यक्ति थे।

30. (d) ऐसे प्रश्नों में हमेशा दिए गए समय से एक इकाई कम कर देने पर जो मान आएगा उतने समय में ही आधा कार्य होगा। क्योंकि आधे का दुगना अर्थात् पूरा कार्य अगले दिन होगा।

31. (c) 32. (d) 33. (c) 34. (d) 35. (d) 36. (d)

37. (b) पिछले प्रश्नों के अनुसार आधा कार्य एक मिनट पहले अर्थात् 29 मिनट में होगा और आधे का भी आधा अर्थात् एक चौथाई कार्य 28 दिन में होगा।

38. (b) पाँच विवाहित जोड़े अर्थात् 10 सदस्य और प्रत्येक के 4-4 पुत्र अर्थात् 20 पुत्र है। अत: परिवार में कुल 30 सदस्य है।

39. (a) कुल सदस्य = 2 (दंपत्ति) + 5 (पुत्र) + 5 (पुत्रवधू) + 25 (पोते)
= 37 सदस्य इस परिवार में है।

40. (d) कुल सदस्य = 1 (आदमी) + 5 (पत्नि) + 10 (बच्चे) = 16 सदस्य

41. (d) पुरुषों की संख्या = 1 (पुरुष)+ 4 (पुत्र)+ (4 × 3)(पोते)
= 1 + 4 + 12 = 17 पुरुष सदस्य है।

42. (a) पिकनिक के लिए गये कुल सदस्य = 4 (दो विवाहित जोड़े)+1 कुँवारा +1 विधुर +2 तलाक शुदा +4 बच्चे =12

43. (d) परिवार के कुल मादा सदस्य
1 (माता) +3 (पुत्रों की पत्नी है) +1 (अविवाहित पुत्री)
+2 + 2 (दोनों पुत्रों की दो-दो पुत्रियां है) =9 महिला सदस्य है।

44. (c) परिवार में निम्न प्रकार से न्यूनतम सदस्य होगें



45. (b) परिवार के कुल मादा सदस्य
1 (पत्नि) + 4 (पुत्रों की पत्नी है) +8 (पोती)=13 महिला सदस्य

46. (a) एक स्वयं व दो उसकी बेटियां तथा दो-दो दोनों बेटियों की और बेटियां अर्थात चार दोहितियॉ है।

47. (b) 48. (c) 49. (b) 50. (c) 51. (b) 52. (c) 53. (a)

54. (a) माना सबसे छोटे की उम्र x वर्ष है तब सबसे बड़े की उम्र $2x$ वर्ष होगी।
अत: सभी भाईयों की उम्र क्रमश: $x, x+4, x+8, 2x$ वर्ष होगी।

तब प्रश्नानुसार, $x + 2x = x + 4 + x + 8 \Rightarrow x = 12$

तब सबसे बड़े भाई की उम्र $= 2 \times 12 = 24$ वर्ष होगी।

55. (b) 10 खम्बों के बीच 3 - 3 फुट के 9 फासले हुए

56. (b) 11 वें दिन दो टुकड़े हो जायेंगे।

57. (b)

58. (c) $1 + 4 + 4^2 = 21$ सन्दूक

59. (a) दोनों एक दूसरे की ओर पीठ करके खड़े हैं। अत: कुल व्यक्ति 2 हैं

60. (a) चूंकि 10 में से 2 मेंढ़क मर गये हैं किन्तु वे दोनों मेंढ़क कूए के अन्दर ही हैं। अत: शेष मेंढ़क 10 ही होगें।

61. (a) प्रश्नानुसार हर तीसरे स्थान पर एक लड़की है, अर्थात् हर तीन के समूह में एक लड़की होगी। अत: 22 में 3 का भाग देने भागफल 7 तथा अंतिम लड़की को शामिल करने पर कुल संख्या 8 होगी।

62. (d) वे तीन बतख होगीं। वे इस प्रकार तैर रहीं होंगी।



63. (b)

64. (d) प्रश्नानुसार केला + अमरुद = 6
सेब + अमरुद = 6
सेब + केला= 6
सभी को जोड़ने पर 2(सेब + अमरुद + केला) = 18
अत: उस व्यक्ति के पास कुल 9 फल होंगे

65. (b) विकल्प विधि से –
माना सही उत्तर = 4
कुल अंक $= 4 \times 6 = 24$
अत: गलत उत्तर = 16
अत: कुल अंक $= 24 - 16 = 8$

66. (b) विकल्प विधि से –
माना सही उत्तर = 40
कुल अंक $= 40 \times 4 = 160$
अत: गलत उत्तर = 35
अत: कुल अंक $= 160 - 35 = 125$

67. (a) माना कि शुरू में औरतों की संख्या = x थी
इसलिए पुरुषों की संख्या = $2x$
(प्रश्न से) $2x - 20 = x + 10 \Rightarrow x = 30$
अत: कुल यात्रियों की संख्या $x + 2x = 30 + 30 \times 2 = 90$

68. (b) प्रथम बार तीन-तीन खिलौने दोनों पलड़ों में रखे, जिसमें कम वजन हो, उनमें से एक एक दोनों पलड़ों में रखकर तोलें। अगर दोनों बराबर वजन के हों, तो तीसरा खिलौना कम वजन का होगा। इस प्रकार कम से कम दो बार तोलने से अभीष्ट खिलौना प्राप्त कर सकते है।

69. (c) इस प्रकार के प्रश्नों में
लेकर चले गये कुल फूलों की संख्या = $2^n - 1$
जहां n मन्दिरों की संख्या है।
$2 \times 2 \times 2 - 1 = 8 - 1 = 7$

70. (b)

71. (c) अंग्रेजी में एक (One) से सौ (Hundred) तक की गिनती लिखने में वर्णमाला के अक्षर a, b तथा c एक बार भी नहीं आते।

72.(c) एक कोना काटने पर 5 कोने बनते हैं।

73.(b) टेलीफोन के डायल में 0 से 9 तक अंक होते है जिनको गुणा करने पर गुणनफल 0 आएगा क्योंकि 0 को किसी भी संख्या से गुणा करने पर परिणाम 0 ही आता है।

74. (d) बंदूक की आवाज से बाकी कौवे उड़ जायेंगे एवं मारा गया कौवा नीचे गिर जायेगा। अत: पेड़ पर एक भी कौवा नहीं बचेगा।

75. (d) 76. (d) 77. (c) 78. (c)

79. (b) उस केक को अग्रांकित चित्र के अनुसार कम से कम पाँच बार काटना होगा, तब ही 18 लोगों में समान विभाजन होगा।



80. (a)



81. (a)



82. (a) प्रश्नानुसार हर 15 सिपाहियों पर एक कप्तान है अर्थात् 16 व्यक्तियों के समूह में एक कप्तान होगा।

अत: कुल कप्तानों की संख्या $= \frac{1200}{16} = 75$ कप्तान

83. (a) प्रश्नानुसार स्कूटर और कार के खड़े होने का क्रम निम्न प्रकार है।

1 23 456 78
CSCCSSCCCSSSCCCCSSSSCCCCCSSSSSCCCCCCC
← प्रथम अर्द्धांश → ← द्वितीय अर्द्धांश →

84. (a) प्रत्येक पीरियड के बाद 4 मिनट का अंतराल अर्थात् चार पीरियड के मध्य तीन अंतराल होंगें अत: अंतराल का समय $= 4 \times 3 = 12$ मिनट
1 बजे से 3:52 मिनट तक कुल समय 2घण्टे 52 मिनट होगा
अत: चार पीरियड की कुल अवधि 2:52-12 = 2 : 40 मिनट

प्रत्येक पीरियड की अवधि $\Rightarrow \frac{160}{4} = 40$ मिनट

85. (d) कुत्ते को रस्सी से बाँधा गया है किन्तु रस्सी को खूँटी से नहीं बाँधा गया है अत: वह किसी भी क्षेत्र में घूम सकता है।

86. (b) 87. (c) 88. (a) 89. (a) 90. (c)
91. (c) 92. (c)